मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-305
05/09/2019

मुख्यमंत्री ने कोइलवर में सोन नदी पर बनने वाले 6 लेन पुल का निरीक्षण किया

पटना, 05 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कोइलवर में सोन नदी पर बनने वाले 6 लेन पुल का निरीक्षण किया। इस पुल का निर्माण एन0एच0ए0आई0 द्वारा कराया जा रहा है और इसका निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। एन0एच0ए0आई0 के क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि छह लेन में से तीन लेन पुल मार्च 2020 तक चालू करा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने पटना एवं भोजपुर जिले के भू–अर्जन के बचे हुये कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश दोनों जिलाधिकारी को दिया।

मुख्यमंत्री ने दानापुर–बिहटा फोर लेन एलिवेटेड पथ के प्रस्तावित एलाइनमेंट का भी निरीक्षण किया। एन0एच0ए0आई0 द्वारा इसका डी0पी0आर0 बना दिया गया है एवं भू–अर्जन की कार्रवाई जारी है। यह एलिवेटेड पथ खगौल आर0ओ0बी0 से प्रारंभ होगा तथा दानापुर स्टेशन के सामने और सिवाला चौक पर एलिवेटेड पथ पर चढ़ने एवं उतरने के लिये रैम्प रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कोइलवर से आरा होते हुये बक्सर फोर लेन की प्रगति का भी जायजा लिया। इसमें आरा शहर में 13 किलोमीटर लंबा बाईपास बन रहा है। मुख्यमंत्री ने इसके निर्माण कार्य में और तेजी लाने का निर्देश एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को दिया। उन्होंने आरा शहर में बड़हरा गुमटी पर बन रहे आर0ओ0बी0 के कार्य को भी शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

आरा–सहार पथ पर ट्रकों का ज्यादा दवाब है और सहार पुल बनने के बाद यह प्रमुख पथ बन गया है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव पथ को दो लेन के चौड़ीकरण एवं उनके मजबूतीकरण का निर्देश दिया ताकि आरा से सहार होते हुये पटना जाने का एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो सके। गीले बालू लदे ट्रकों द्वारा पथों को खराब किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की और कड़ाई से इस संबंध में योजना बनाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित एन0एच0ए0आई0 के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******